2023

HINDI — HONOURS

Paper : DSE-A-4

(Tulsidas)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(तुलसीदास)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) तुसलीदास का जन्म कब और कहाँ माना गया है?

(ख) सर्वप्रथम तुलसीदास काशी किसके साथ गए? काशी में वेद-वेदांग की विधिवत शिक्षा किस गुरु के सानिध्य में प्राप्त की?

(ग) आचार्य शुक्ल ने तुलसी रचित कुल कितने ग्रंथ माने हैं? पाठ्यक्रम में सम्मिलित ग्रंथों के अतिरिक्त किसी एक ग्रंथ का नाम बताइए।

(घ) स्तुतियाँ किस पाठ्य पुस्तक में संकलित हैं? गणेश स्तुति करते समय तुलसीदास 'कर जोड़' कर क्या मांगते हैं?

(ङ) 'विनय पत्रिका' में प्रयुक्त किन्हीं दो रागों के नाम लिखिए।

(च) वन गमन के समय प्रथम रात्रि राम कहाँ विश्राम करते हैं? राजा दशरथ का पार्थिव शरीर कैसे रखा गया?

(छ) तुलसीदास की पत्नी का नाम बताइए। उन्होंने तुलसीदास को किससे 'प्रेम' करने का सद्उपदेश दिया?

(ज) 'कलि वर्णन' और 'सीतावट वर्णन' आपकी किस पाठ्य पुस्तक में हैं?

(झ) 'मुदित मन आरती करैं माता/कनक-बसन-मनि वारि-वारि कर पुलक प्रफुल्लित गाता।' —माता किसकी आरती कर रही हैं? 'वारि-वारि' का अर्थ बताइए।

(ञ) 'तू दयालु, दीन हौं, तू दानि हौं भिखारी' —इस पंक्ति में 'दानि' और 'भिखारी' किनको कहा गया है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) राम द्वारा ठहरने के लिए उचित स्थान के विषय में पूछे जाने पर महर्षि वाल्मीकि के उत्तर को अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) पठित काव्य ग्रंथों के आधार पर तुलसी की विनयशीलता पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ग) तुलसी की दार्शनिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(घ) तुलसीदास के साहित्य में अभिव्यक्त समन्वय की चेतना पर विचार कीजिए।

(ङ) आधुनिक संदर्भों में तुलसी की प्रासंगिकता पर सोदाहरण विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3

(क) 'कृपा सिंधु बोले मुसुकाई। सोई करु जेहिं तव नाव न जाई।
बेगि आनु जल पाय पखारू। हीत बिलंबु उतारहि पारु।।
जासु नाम सुमिरत एक बारा। उतरहिं नर भव सिंधु अपारा।
सोइ कृपालु केवटहि निहोरा।। जेहिं जगु किय तिहु पगहुते थोरा।।'

(ख) 'झूलत राम पालने सो हैं, भूरि भाग जननी जन जोहैं।
तन मृदु मंजुल मेचकताई, झलकति बाल बिभूषन झाईं।।
अधर-पानि पद लोहित लोने, सर-सिंगार-भव सारस सोने।
किलकत निरखि बिलोल खेलौना, मनहुं बिनोद लरत छवि छौना।।'

(ग) 'रामु बिहाइ 'मरा' जपतें बिगरी सुधरी कवि कोकिलहू की।
नामहि तें गज की, गनिका की, अजामिल की चलि मैं चल चूकी।
नाम प्रताप बड़े कुसमाज बजाइ रही पति पांडु बधू की।
ताको भलो अजहुं तुलसी जेहि प्रीति प्रतीति हैं आखर दूकी।

(घ) ऐसी मूढ़ता या मन की।
परिहरि राम-भगति-सुरसरिता, आस करत ओस कन की।
धूम-समूह-निरखि चातक ज्यों, तृषित जानि मति घन की।
नहिं तहँ सीतलता न बारि, पुनि हानि होती लोचन की।
ज्यों गज-काँच बिलोकि सेन जड़ छाँह आपने तन की।
टूटत अति आतुर अहार बस, छति बिसारि आनन की।।

(ङ) एहिं जग जामिनि जागहिं जोगी। परमारथी प्रपंच वियोगी।
जानिअ तबहिं जीव जग जागा। जब सब विषय बिलास बिरागा।
होइ बिबेकु मोहि भ्रम भागा। तब रघुनाथ चरन अनुरागा।
सखा परम परमारथु एहू। मन क्रम बचन राम पद नेहू।।

2023

HINDI — HONOURS

Paper : DSE-B-4

(Premchand)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(प्रेमचंद)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'पूस की रात' कहानी सर्वप्रथम कब और किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(ख) "बड़ी लती आदमी है। जब आ जाता है, तब मजबूर होकर मुझे भी खेलना पड़ता है।" — कौन किससे कहता है?

(ग) "बेटा दोस्ती के लिए कोई अपना ईमान नहीं बेचता। पंच के दिल में खुदा बसता है।" — किनके बीच दोस्ती की बात कही जा रही है और वक्ता कौन हैं?

(घ) हामिद के पिता की मृत्यु किस रोग से हुई थी? हामिद मेले से क्या खरीदकर लाता है?

(ङ) 'सेवासदन' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ था? इसके एक पुरुष पात्र का नाम बताइए।

(च) "आज यहाँ कौन रईस, कौन महाजन, कौन मौलवी, कौन पंडित ऐसा है जो मेरे तलुवे सहलाने में अपनी इज्जत न समझे।" — यह कथन कौन किससे कहता है?

(छ) 'कर्बला' कैसा नाटक है और इसके कितने अंक हैं?

(ज) इमाम हुसैन की हत्या किसके हाथों होती है? इस नाटक के किसी एक हिंदू पात्र का नाम लिखिए।

(झ) 'साहित्य का उद्देश्य' पर भाषण प्रेमचंद ने कब और कहाँ दिया था?

(ञ) प्रेमचंद की सम्पूर्ण कहानियाँ किस नाम से और कितने खण्डों में संकलित हैं?

2. किन्हीं **तीन** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर 'पंच परमेश्वर' की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'सेवासदन' उपन्यास की मूल समस्या पर विचार कीजिए।

(ग) 'कर्बला' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) "'पूस की रात' कहानी किसान जीवन का आईना है" – कथन के आलोक में इसकी समीक्षा कीजिए।

(ङ) 'ईदगाह' कहानी में निहित बाल-मनोविज्ञान की विवेचना कीजिए।

3. किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) हल्कू का चरित्र

(ख) 'सेवासदन' के शीर्षक की सार्थकता

(ग) 'कर्बला' नाटक की भाषा

(घ) 'दो बैलों की कथा' का उद्देश्य

(ङ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का वातावरण